तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश
सतपुड़ा भवन, भोपाल–462004

क्रमांक / स्था / 3 / ए / 2008 / 944 / भोपाल दिनांक 27 / 06 / 2008

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त इंजीनियरिंग / पोलीटेकनिक महाविद्यालय,
समस्त महिला पोलीटेकनिक महाविद्यालय,
मध्यप्रदेश।

विषय :– माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण क्रमांक अपील (सिविल) 3595–3612 / 1999 सचिव, कर्नाटक राज्य एवं अन्य विरूद्ध उमादेवी एवं अन्य के प्रकरण में दिनांक 10.04.2006 को पारित निर्णय में प्रदत्त निर्देशों के अनुसार दैनिक वेतन भोगियों, अस्थाई कर्मचारियों के प्रकरण में कार्यवाही बाबत्।

संदर्भ :– संचालनालयीन पत्र क्रमांक / 3 / स्था / ए / 2008 / 706, दिनांक 2.5.2008

––00––

उपरोक्त संदर्भित पत्र का कृपया अवलोकन करें, जिसके द्वारा सामान्य, प्रशासन विभाग के ज्ञाप दिनांक 16.05.2007 एवं 08.02.2008 में दिये गये स्पष्टीकरण एवं निर्देशों के तहत पुनः जानकारी निर्धारित प्रपत्र में 03 दिवस में भेजने हेतु लिखा गया था। साथ ही उक्त जानकारी में कर्मचारी का नाम पदनाम (जिस पद के विरूद्ध पदस्थ है उल्लेख करें) आपकी स्पष्ट टिप्पणी तथा कर्मचारी की नियुक्ति उपरोक्त निर्देशों के तहत अवैधानिक / अनियमित है, आपकी अनुशंसा सहित जानकारी चाही गई थी, जो आज दिनांक तक अप्राप्त है। यहां यह स्पष्ट किया जाता है कि उपरोक्त संदर्भित पत्र संचालनालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

उल्लेखनीय है कि आपके द्वारा पूर्व में जो जानकारी निर्धारित प्रपत्र में भेजी गई थी, उक्त जानकारी के संबंध में शासन ने उनके अर्द्धशासकीय पत्र क्रमांक / एफ–2 / 10 / 08 / 42 / 2, दिनांक 18.06.2008 के द्वारा अवगत कराया है कि, संस्थाओं द्वारा भेजी गई जानकारी अपूर्ण है अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि,पैरा–1 में बताये अनुसार शासन द्वारा निर्धारित प्रपत्र–एक एवं प्रपत्र दो में पुनः संशोधित जानकारी भर कर दो प्रतियों में तत्काल भेजे। चूंकि प्रकरण में छानबीन समिति की बैठक शीघ्र आयोजित की जाना है।

संचालक, तकनीकी शिक्षा
मध्यप्रदेश

पृ.क्रमांक / स्था / 3 / ए / 2008 / / भोपाल दिनांक / 06 / 2008

प्रतिलिपि :–

उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग की ओर उनके अर्द्धशासकीय पत्र क्रमांक / एफ–2 / 10 / 08 / 42 / 2, दिनांक 18.06.2008 के संदर्भ में सूचनार्थ अग्रेषित।

संचालक, तकनीकी शिक्षा
मध्यप्रदेश

DATA-Section-iii/Notsheet-2008

प्रपत्र "एक"

सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र कमांक एफ 5–3/2006/1/3 दिनांक 14/5/2007 क अनुपालन में छानबीन समिति द्वारा अनुशंसित जानकारी.

1. विभाग का नाम..
2. विभागाध्यक्ष का नाम ....

क.	पदनाम	विभाग में कुल दैनिक वेतनभोगी/ अस्थाई/ संविदा नियुक्तियों की संख्या	कॉलम (3) में 10 वर्ष से अधिक की अवधि से निरन्तर कार्यरत की संख्या	समिति द्वारा नियमितीकरण हेतु उपयुक्त पाये गये प्रकरणों की संख्या	नियमितीकरण हेतु शेष बचे कर्मचारियों की संख्या. (कॉलम नं. 3–4)
1.	2.	3.	4.	5.	6.

अधिकारी का नाम एवं पदनाम

241

प्रपत्र "दो"

सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र कमांक एफ 5–3/2006/1/3 दिनांक 14/5/2007 के अनुपालन में छानबीन समिति द्वारा अनुशंसित जानकारी.

1. विभाग का नाम...
2. स्थानीय संस्था/निगम/मण्डल/बोर्ड/आयोग का नाम

क.	पदनाम	विभाग के अंतर्गत संस्थाओं में कुल दैनिक वेतनभोगी/अस्थाई/ संविदा नियुक्तियों की संख्या	कॉलम (3) में 10 वर्ष से अधिक की अवधि से निरन्तर कार्यरत की संख्या	समिति द्वारा नियमितीकरण हेतु उपयुक्त पाये गये प्रकरणों की संख्या	नियमितीकरण हेतु शेष बचे कर्मचारियों की संख्या. (कॉलम नं. 3–4)
1.	2.	3.	4.	4.	5.

अधिकारी का नाम एवं पदनाम

शाकेमुभो—223—विकअसाप्रवि—17-5-07—1000.